From the house of
HOME CABLE
HOME NET

# होम टाइम्स

हिंदी

साप्ताहिक शनिवार

FREE COPY

RNI No. MAHHIN/2016/75969 | Post Reg. No. MNE/410/2019-21 | Volume 8 | Issue 28 | Saturday, 7th October to 13th October 2023 | Price ~~Rs 3~~

www.hometimes.in www.facebook.com/hometimes.in www.twitter.com/hometimes_news hometimes.in write2us@hometimes.in

# मुलुंड रेलवे स्टेशन पर शुरू की गई ३ नए एस्केलेटर की सुविधा

## वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी बड़ी राहत

■ होम टाइम्स टीम

रविवार को ईशान्य मुंबई के सांसद मनोज कोटक के हाथों मुलुंड रेलवे स्टेशन पर तीन नए एस्केलेटर की सुविधाओं का उद्घाटन किया गया। जिसके चलते अब स्टेशनों पर वरिष्ठ नागरिकों और अपंग नागरिकों की यातायात आसान हो गई है।

एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद रेलवे प्रशासन की ओर से भीड़ को नियंत्रण में करने के लिए सभी रेलवे स्टेशनों पर एस्केलेटर की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। इसी कड़ी में मुलुंड रेलवे स्टेशन पर भी तीन नए एस्केलेटर बनाने का काम शुरू कर दिया गया था और आखिरकार ईशान्य मुंबई के सांसद मनोज कोटक के हाथो रविवार को मुलुंड के ३ नए एस्केलेटर का उद्घाटन किया गया। (शेष पेज २ पर)





# टोल किराए में वृद्धि को लेकर मनसे कार्यकर्ताओं ने किया आंदोलन

■ होम टाइम्स टीम

१ अक्टूबर से प्रशासन की ओर से लिए गए टोल के किराए में वृद्धि के फैसले के खिलाफ मनसे कार्यकर्ताओं की ओर से शनिवार और सोमवार को मुलुंड सहित ठाणे में विभिन्न जगहों पर आंदोलन किया गया। आने वाले दिनों में यदि टोल में कटौती नहीं की गई तो तीव्र आंदोलन किए जाने का इशारा भी कार्यकर्ताओं की ओर से दिया गया है।

१ अक्टूबर से मुंबई के एंट्री पॉइंट पर वसूल किये जाने वाले टोल के किराए में वृद्धि करने फैसला लिया गया था। जिसके बाद इस फैसले को लेकर मनसे कार्यकर्ता आक्रामक हो गए हैं और शनिवार को मुलुंड पूर्व आनंद नगर टोल नाके परिसर में मनसे कार्यकर्ताओं की ओर से आंदोलन किया गया। जहां मनसे के कार्यकर्ताओं ने हाथ में पक्ष का झंडा और बैनर लेकर ४ किलोमीटर से अधिक की मानव श्रृंखला बनाई थी और शांतिपूर्वक तरीके से यह आंदोलन किया गया। इस आंदोलन में भारी संख्या में मनसे कार्यकर्ता एवं महिला कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। ३० तारीख यानी शनिवार को यह आंदोलन करने के बाद २ अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर मनसे कार्यकर्ताओं की ओर से गांधीगिरी करते हुए एक बार फिर आंदोलन किया गया।

इस आंदोलन में गांधी जी के वेश में कार्यकर्ता नागरिकों से टोल के बढ़ते कीमतों के खिलाफ आवाज उठाने की अपील करते हुए दिखाई दिए। इस दौरान परिसर में भारी पुलिस बंदोबस्त की तैनाती भी देखी गई थी। आने वाले दिनों में यदि टोल के किराए में कटौती नहीं की गई तो तीव्र आंदोलन किए जाने का इशारा भी मनसे कार्यकर्ताओं की ओर से दिया गया है।

# मुंबई को रेबीज मुक्त करने के लिए मनपा ने उठाया बीड़ा

## क्यूआर कोड लगाकर दिया जा रहा है रेबीज का टीका

■ होम टाइम्स टीम

मुंबई को रेबीज मुक्त करने के लिए मुंबई महानगरपालिका की ओर से क्यूआर कोड लगाकर राज्य में पहली बार एक नई मुहिम की शुरुआत की गई है। जिसके चलते कोड स्कैन करने के बाद संबंधित डॉग को लगाई गई रेबीज के टीके की पूरी जानकारी और अन्य सभी जानकारी मोबाइल फोन पर उपलब्ध हो सकेगी।

रेबीज मुक्त मुंबई करने के लिए मुंबई महानगरपालिका की ओर से आए दिन में नए उपक्रम शुरू किया जा रहे हैं। इस कड़ी में मुंबई महानगरपालिका और अन्य समाज सेवकों की ओर से १५ हजार स्ट्रीट डॉग का टीकाकरण किया जाने वाला है। २९ सितंबर से इस मुहिम की शुरुआत की गई है और १० अक्टूबर तक इसे जारी रखा जाएगा। आंकड़ों की बात करें तो ६ दिन में मुंबई भर में ८५०० से अधिक स्ट्रीट डॉग को रेबीज का टीका दे दिया गया है जबकि मुलुंड पूर्व और पश्चिम में अब तक १०११ डॉग्स और ३५८ बिल्ली ऐसे कुल १३६९ जानवर को यह टीका दिया गया है। यह मुहिम पी उत्तर, पी दक्षिण, आर मध्य, आर उत्तर, एस विभाग और टी विभाग में शुरू किया गया है। इस काम के लिए मुंबई महानगरपालिका के १०० से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति भी की गई है। आपको बता दें की इन स्ट्रीट डॉग के गले में एक क्यूआर कोड भी लगाया जा रहा है। जिसके चलते इस क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद इसे खाना खिलाने और इसकी देखभाल करने वाले नागरिकों की पूरी जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। यदि यह कुत्ता कभी घटना का शिकार हो जाता है तो इस कोड को स्कैन करके संबंधित फीडर को उसकी जानकारी दी जा सकेगी। इसी के साथ-साथ उक्त डॉग को रेबीज का टीका कब लगा है इसकी भी जानकारी उस कोड के जरिए मिल सकेगी। राज्य में पहली बार इस तरीके की योजना मुंबई महानगरपालिका की ओर से शुरू की गई है इस योजना को मिल रहे प्रतिसाद के बाद आने वाले दिनों में और बड़े पैमाने पर रेबीज मुक्त करने की मुहिम को शुरू किया जाएगा।

पेज १ का शेष

# मुलुंड रेलवे स्टेशन पर ...

मुलुंड पूर्व में एक और मुलुंड पश्चिम की दिशा में जाने के लिए दो नए एस्केलेटर बनाए गए है। इस दौरान स्थानीय विधायक के साथ ही भारी संख्या में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। आंकड़ों को बात करे तो मुंबई के रेलवे स्टेशनों पर मध्य रेलवे के १११ एस्केलेटर कार्यान्वित है। जिसका सीधा फायदा वरिष्ठ नागरिकों के साथ साथ अन्य अपंग नागरिकों और अन्य लोगो को होता हैं। मुलुंड में भी औसतन एक लाख से अधिक नागरिक इस स्टेशन का इस्तेमाल करता है। ऐसे में अब नए एस्केलेटर बन जाने से मुलुंड और आसपास के इलाकों में बसे नागरिकों को एक बड़ी राहत मिली है।



# मध्य रेलवे के सात स्टेशनों पर खुलेंगे पाउडर रूम

## मुलुंड स्टेशन का भी समावेश ● महिलाओं को मिलेगी राहत

■ होम टाइम्स टीम

आने वाले २ महीने के भीतर मुलुंड सहित मुंबई के अन्य सात स्टेशनों पर महिलाओं के लिए विशेष पाउडर रूम की सेवा उपलब्ध कराई जाने वाली है। जहां पर महिलाओं के रिफ्रेश होने के साथ ही अन्य मेकअप की वस्तुएं भी किफायती दरों में महिलाओं के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

मध्य रेलवे यात्रियों की सेवा के लिए नई परियोजनाओं पर काम कर रही है। इसी बीच अब मध्य रेलवे के कर से मुंबई के ७ रेलवे स्टेशनों पर पाउडर रूम खोलने का फैसला लिया गया है। इन स्टेशनों में एलटीटी, घाटकोपर, कांजुरमार्ग, मुलुंड, ठाणे, मानखुर्द और चेंबूर स्टेशन का समावेश है। आने वाले दो महीना के भीतर महिलाओं के लिए पाउडर रूम इन स्टेशनों पर खोला जाने वाला है। जहां महिला यात्री टॉयलेट सुविधा के अलावा रिफ्रेश हो सकेंगी। इसी के साथ ही रिटेल स्टोर से ब्यूटी प्रोडक्ट भी खरीद सकेंगी। इस सुविधा का उपयोग करने के लिए महिला यात्री को १० रुपए का चार्ज देना होगा। अगर वे चाहे तो ३६५ रुपए में सालाना पास भी बनवा सकती है। जानकारों का यह भी कहना है कि पूरे भारतीय रेल में यह पहला उपक्रम है, जहां स्टेशनों पर पाउडर रूम खोला जाने वाला है। २ महीने के बाद आने वाले दिनों में इसे अन्य स्टेशनों पर भी खोला जाने वाला है।

इस बारे में जानकारी देते हुए मुंबई डिवीजन के सीनियर डीसीएम रॉबिन कालिया ने बताया कि हर स्टेशन पर पाउडर रूम का कंस्ट्रक्शन करने के लिए जगह को चिन्हित कर लिया गया है। स्ट्रक्चर को खड़ा करने का काम और खर्च खुद ऑपरेटर की ओर से किया जाएगा और ५ साल का कॉन्ट्रैक्ट इन ऑपरेटर को दिया गया है। इतना ही नहीं इन स्टेशनों के लिए ३९.४८ लाख का चार्ज भी रेलवे को देना होगा। उन्होंने अभी बताया कि आगे की एरिया में चार टॉयलेट ब्लॉक रहेंगे जबकि आधे एरिया में रिटेल स्टोर रहेंगे जहां ब्यूटी प्रोडक्ट महिलाओं से संबंधित दूसरे आइटम्स को भी खरीदा जा सकेगा। इस रिटेल एरिया में पुरुष जा सकेंगे परंतु दूसरे एरिया में पुरुषों पर जाने से पाबंदी लगाई जाएगी।

# मुलुंड टी वार्ड और पुलिस स्टेशन की ओर से किया गया श्रमदान ही सेवा







■ होम टाइम्स टीम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा महात्मा गांधी की १५४वीं जयंती के उपलक्ष्य में मुंबई सहित देश भर में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत १ घंटे के लिए श्रमदान करने की अपील की गई थी। जिसके बाद मुलुंड में आठ जगहों पर मुंबई महानगर पालिका की ओर से यह मुहिम चलाई गई। इस दौरान भारी संख्या में नागरिक सड़कों की साफ सफाई करते नजर आए।

महात्मा गांधी की १५४वीं जयंती से पहले देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान किया गया। जहां १ अक्टूबर यानी रविवार के दिन १ घंटे के लिए सभी नागरिकों से अपने आसपास के परिसर में सफाई करते हुए श्रमदान करने की अपील की गई थी। इसी कड़ी में मुंबई महानगरपालिका की ओर से भी मुंबई भर में यह अभियान चलाया गया। मुलुंड की बात करें तो मुलुंड में कुल आठ जगहों पर इस अभियान को चलाया गया था। जिनमें स्वप्न नगरी, मेहुल सर्कल, लोकमान्य तिलक मार्ग मुलुंड पूर्व और गरुड़ सहकारी गृह निर्माण संस्था मुलुंड पूर्व आदि इलाके शामिल थे। जहां पर मुंबई महानगरपालिका टी वार्ड के अधिकारियों के साथ-साथ, लायन्स क्लब ऑफ मुलुंड की लायन लेडी ऑक्जीलरी, स्कूली बच्चों एवं अन्य नागरिकों एवं समाज सेवकों ने मिलकर सड़कों की सफाई की।

इसी के साथ-साथ मुलुंड पुलिस स्टेशन में स्वच्छता मुहिम चलाई गई थी। जहां परिमंडल सात के पुलिस उपायुक्त पुरुषोत्तम कराड और मुलुंड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कांतिलाल कोथिंबीर के साथ-साथ अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों और अन्य समाज सेवकों ने मिलकर पुलिस स्टेशन परिसर और अन्य जगहों पर साफ सफाई की।






# सं। पा। द। की। य

## हिमांशु कोठारी

# मुलुंड और अतिक्रमण भरे रस्ते

मुम्बई और उसके उपनगरों में स्टेशन परिसर मेंफेरीवालों का अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है।मुंबई जैसे बड़े शहर मेंफेरीवालों की समस्या कम होने का नाम ही नहीं ले रहीहै । मुंबई के उपनगरों की तरफ यदि ध्यान से देखा जाए तो उसके हर गली कूचे मेंफेरीवाले अपना बस्तान लगाकर बैठे दिखते है । हर एक रास्ते पर यही नजारा है । एक रास्ते पर १० से १५फेरीवाले और उसके आसपास खरीददारी के लिए नागरिकों की भीड़ । ये सब मुंबई में आम बात हो गई है मनपा द्वारा कुछ नियम ,कानून बनाए गए है लेकिन उनका पालन कितनां होता है ये हम सभी को पता है। मुंबई मनपा द्वारा स्टेशनपरिसर के १५० मीटर के भीतर फेरीवालों को बैठने की गई है। लेकिन फिर भी फेरीवाले वहीं अपना बस्तान लगाए बैठते है। मुलुंड के आर आर टी रोड की बात करें तो वहां दोनों तरफ फेरीवालों का जमावड़ा देखने को मिलता है। कोरोना के पहले यह नियम लागू किया गया था लेकिन उस पर अभी तक अमल नहीं हो पाया है। वैसे तो मनपा की जिम्मेदारी है कि इन पर कार्रवाई करें लेकिन मुलुंड टी वार्ड के पास इतने कारण है कि वर्ष २०१९ से वे अवैध फेरीवालों पर कार्रवाई नहीं कर पाए है। पहले कोरोना का कारण , फिर मैनपॉवर कम होने का का कारण और अब कोई और। इन सभी बातों का फायदा फेरीवालों द्वारा उठाया जाता है और अतिक्रमण आर आर टी रोड पर बढ़ता ही जा रहा है। वहीं अब इस रस्ते से बेस्ट की बस भी गुजरने लगी है जिस वजह से रस्ते पर राहगीरों के चलने की जगह ही नहीं बची है। फुटपाथ और उससे सटे रास्तों पर फेरीवाले और बीच में बस तो राहगीर कहाँ से चले ये सवाल मुलुंडकरो को परेशान करने लगा है।

यदि हम मुलुंड के अन्य रास्तों की बात करें तो आर आर टी रोड के साथ ही वी पी रोड ,देवी दयाल रोड ,एम जी रोड ,जे एस डोसा रोड का भी यही हाल है। कईफेरीवाले ,खाद्य पदार्थों के स्टॉल इन रास्तों पर देखने को मिलते हैं। जिन पर मनपा द्वारा कई बार कार्रवाई की जाती है परंतु फिर भी वे इन्ही रास्तों पर स्टॉल लगाकर बैठते है । उन्हें उचित जगह नहीं दी जाती इसलिए वे रास्तों के किनारे ,फुटपाथ आदि पर कब्जा कर बैठे रहते है ।प्रशासन के अधिकारियों द्वाराफेरीवालोंके मुद्दे को क्यों गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है । लाइसेंसधारीफेरीवाले हो या बिना लाइसेंस वाले सभी मनमाने तरीके से अपना व्यवसाय कर रहे हैं। सप्ताह में १ या २ दिन मनपा की गाड़ी आती है ।अतिक्रमणअधिकारियों द्वारा खानापूर्ति की जाती है लेकिन अगले दिन समस्या जस की तस बनी रहती है। इसी अतिक्रमण का फायदा अराजक तत्व उठाकर चोरी और ठगी को अंजाम देते नजर आ रहे है। मुलुंड के मुख्य बाजार में आये दिन पॉकेट मारी या चेन स्नेचिंग की घटनाएं हो रही है। जिस वजह से आम जनता अब बाजारों में भी सुरक्षित नहीं है यह साफ़ जाहिर हो रहा है। यदि रास्तों पर लोगों को चलने के लिए अधिक और खुली जगह मिले तो चोर उचक्कों को चोरी की घटनाओं को अंजाम देते नहीं बनेगा। लेकिन फेरीवालों के अतिक्रमण की वजह से रास्तों पर त्यौहार के समय इतनी भीड़ हो जाती है कि इसका फायदा चोर उठाने लगे है और महिलाओं के गले से सोने के जेवर ,पर्स में से पैसे चोरी ,मोबाईल फोन आदि की चोरियां बढने लगी है। प्रशासन द्वारा यदि वैध और अवैधफेरीवालोंकी छटनी कर उन्हें जगह दे दी जाए तोफेरीवालोंकी संख्या भी कम हो जाएगी और नागरिकों के लिए फुटपाथ भी चलने लायक रहेंगे । लेकिन मनपा है कि कोई काम समय के पहले कर दें तो कोई बात हो । जब तक कोई बड़ी दुर्घटना न हो या लोग रास्तों पर न उतर आये या आंदोलन न करें तब तक मनपा की नींद नहीं खुलेगी।

## पानी कटौती की चिंता नहीं

# लौटती बारिश ने दिया सहारा जलाशय हुए लबालब

■ होम टाइम्स टीम



पिछले कुछ दिनों में हुई भारी बारिश के कारण मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली सभी सात झीलों में प्रचुर जल भंडार जमा हो गया है और अगले मानसून तक पानी की कमी की संभावना लगभग खत्म हो गई है। अगले चार दिनों तक मुंबई और आसपास के जिलों में बारिश का येलो अलर्ट दिया गया है। इसलिए झीलों के जलग्रहण क्षेत्र में अधिक बारिश का अनुमान है।

मुंबई और उसके उपनगरों को सात झीलों अप्पर वैतरणा, मोड़क सागर, तानसा, मध्य वैतरणा , भातसा, विहार और तुलसी से पानी की आपूर्ति की जाती है। इनमें से अधिकांश पानी की आपूर्ति भातसा के साथ-साथ मोडक सागर, तानसा, मध्य वैतरणा और अप्पर वैतरणा झीलों से की जाती है। एक अक्टूबर को सात झीलों में ९९.१८ प्रतिशत जल भंडारण था। पिछले वर्ष की तुलना में यह जल भंडारण ०.६१ प्रतिशत अधिक है। इसलिए अगले मानसून तक पानी की कटौती की संभावना लगभग खत्म हो गई है। मुंबई में आमतौर पर जून के महीने में बारिश शुरू हो जाती है। लेकिन इस बार जून महीने में काफी कम बारिश हुई थी। इससे तालाबों में पानी का स्तर काफी कम हो गया था। यदि अगले कुछ महीनों में बारिश नहीं हुई, तो शहरों और उपनगरों में पानी की गंभीर कमी होने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। इसलिए एहतियात के तौर पर १ जुलाई से पानी में १० फीसदी की कटौती करने का फैसला लिया गया था। लेकिन जुलाई और अगस्त माह में संतोषजनक वर्षा हुई। नगर निगम के अधिकारियों ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि झीलों में जल भंडारण उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।इसलिए अगले मानसून तक पानी की कटौती होने की आशंका कम हो गई है। पिछले वर्ष सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में जल भंडारण ९५ फीसदी था। इसलिए, इस वर्ष के मानसून तक जल कटौती लागू नहीं की गई थी। लेकिन, इस साल मानसून देर से आया। इसलिए निवारक उपाय के रूप में १० प्रतिशत पानी की कटौती लागू की गई। इस साल भारी बारिश हुई है। तालाब भी लबालब हैं। जिस वजह से पानी कटौती का सवाल ही नहीं उठता है ऐसा उन्होंने कहा।

## जल भण्डारण एवं जल भण्डारण क्षमता

| | मौजूदा जल संग्रहण | क्षमता |
|---|---|---|
| अप्पर वैतराना | २,२५,६०१ | २,२७,०४६ |
| टूटा हुआ सागर | १,२८,९१० | १,२८,९२५ |
| तानसा | १,४३,५३४ | १,४५,०८० |
| माध्य वितरण | १,९२,०४० | १,९३,५३० |
| भाटसा | ७,०९,६३० | ७,१७,०३७ |
| विहार | २७,६९८ | २७,६९८ |
| तुलसी | ८०४६ | ८,०४६ |

# गणेश चतुर्थी के १० दिवसीय पर्व में चोरी हुए १० मोबाइल फोन

## १ महीने में २२ मोबाइल फोन के चोरी होने की घटना उजागर

## आगामी पर्व को लेकर नागरिक रहें सावधान , पुलिस ने की अपील

■ **होम टाइम्स टीम**

१ महीने के भीतर मुलुंड पुलिस स्टेशन में २२ मोबाइल फोन के चोरी होने की घटना दर्ज की गई है जबकि १० दिवसीय गणेश उत्सव पर्व के दौरान १० मोबाइल फोन के चोरी होने का मामला दर्ज किया गया है। इसी को लेकर आने वाले पर्व में अपने मूल्यवान वस्तुओं को लेकर सावधानी बरतने की अपील मुलुंड पुलिस ने नागरिकों से की है।

उल्लेखनीय है कि मुलुंड और पूरे मुंबई भर में भीड़ का फायदा उठाकर कई बार असामाजिक तत्वों की ओर से नागरिकों के मोबाइल फोन और अन्य कीमती मूल्यवान वस्तुएं चुरा ली जाती है। बीते दिनों गणपति के पर्व के चलते कई ऐसी घटनाएं उजागर हुई है। एक तरफ जहां मुंबई पुलिस इन असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने को लेकर आए दिन नई मुहिम चल रही है, तो वही नागरिकों की ओर से भी सावधानी बरतने की अपील मुंबई पुलिस की ओर से की जा रही है।

आंकड़ों की बात करें तो मुलुंड पश्चिम में एक सितंबर से लेकर ३० सितंबर तक २२ मोबाइल चोरी के मामले उजागर हुए हैं। इनमें से चार मामले में आरोपियों को पकड़ लिया गया है। परंतु अभी भी १८ मामले ऐसे हैं, जहां असामाजिक तत्वों की ओर से भीड़ का फायदा उठाकर नागरिकों के मोबाइल फोन की चोरी कर ली गई है और पुलिस इन आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इन २२ में से गणपति के पर्व के दौरान कुल १० मोबाइल फोन के चोरी होने की शिकायत दर्ज की गई है। गणपति के पर्व के बाद अब दशहरा और नवरात्रि जैसे पर्व भी कुछ ही दिनों में शुरू होने वाले हैं। जिसको लेकर मुलुंड पुलिस की ओर से नागरिकों से सावधानी बरतने और अपने मूल्यवान वस्तुओं की सुरक्षा करने की अपील की गई है।

पुलिस ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि घर से बाहर निकालने के बाद समय-समय पर अपने मूल्यवान वस्तुओं की जांच करते रहे। किसी भी अनजान व्यक्ति की बातों में ना आए और भीड़ भाड़ के जगह पर सोने के जेवरात निकालकर बैग में रख दे। ताकि असामाजिक तत्व आपको नुकसान ना पहुंचाएं।

> “भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से पहले अपने मूल्यवान वस्तुओं की जांच कर ले और इन जगहों से गुजरते समय अपने आसपास होने वाली गतिविधियों पर नजर रखें। इतना ही नहीं मूल्यवान वस्तुएं जरूरत ना होने पर घर से बाहर न लेकर जाएं और अपने मोबाइल फोन, पर्स पर विशेष ध्यान दें।
>
> **– कांतिलाल कोथिंबीरे**
> वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक,
> मुलुंड पुलिस स्टेशन

# ३६ करोड़ की लागत से मुलुंड में बनाया जायेगा ओलंपिक स्टेडियम

## १८ महीने का लगेगा समय

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड के भावी खिलाड़ियों के लिए आने वाले कुछ ही वर्षों में एक ओलम्पिक मैदान तैयार करने की योजना बनाई गई है। वर्ष २०२५ में मुलुंड में नया ओलंपिक मैदान नागरिकों के लिए उपलब्ध कराया जाने वाला है। मुलुंड पश्चिम कालिदास नाटक ग्रह के पास यह मैदान बनाया जाएगा। जिसके लिए प्रशासन की ओर से ३६ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

मुलुंड सहित मुंबई और देश भर में युवाओं की ओलंपिक खेलों में बढ़ रही रुचि को देखते हुए अब मुलुंड में ओलंपिक स्टेडियम बनाने का फैसला लिया गया है। मुलुंड पश्चिम कालिदास नाट्यगृह के पास यह ओलंपिक स्टेडियम बनाए जाने वाला है। २४ हजार ६८२ वर्ग मीटर की भूमि पर यह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की तर्ज पर यह स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके निर्माण के लिए ३६ करोड़ रुपए की लागत वर्तमान समय में बताई जा रही है। आपको बता दें कि इसका निर्माण कार्य जनवरी २०२४ में शुरू किया जाएगा और १८ महीने में इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इतना ही नहीं यहां ५६० से अधिक लोगों की बैठने की क्षमता वाले मॉड्यूलर ग्रैंडस्टैंड भी विकसित किए जाने वाले हैं।

इस पर मनपा के उद्यान विभाग के उपायुक्त किशोर गांधी ने बताया कि वर्तमान में मुंबई में ऐसी कोई सुविधा नहीं है। इसलिए बीएमसी नागरिकों की सेवा के लिए यह स्टेडियम बनाने की योजना पर काम कर रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह स्टेडियम बनाए जाने वाला है। जिसका फायदा अब मुलुंड और आसपास के इलाकों में रह रहे नागरिकों और ओलंपिक खेल के प्रेमियों को मिल सकेगा।

# सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ सड़कों पर उतरे राष्ट्रवादी

- मुलुंड पुलिस ने एनसीपी आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया
- आंदोलन से पहले ही कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया

**■ होम टाइम्स टीम**

महाराष्ट्र में अलग-अलग जगहों पर सरकारी अस्पतालों में मासूम मरीजों की मौत को लेकर महाराष्ट्र में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। जगह-जगह सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। विपक्ष ने राज्य सरकार पर सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं मुहैया कराने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया है और स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। मुलुंड में गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से रेलवे स्टेशन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया।




महाराष्ट्र में अलग-अलग जगहों पर सरकारी अस्पतालों में मासूम मरीजों की मौत को लेकर महाराष्ट्र में राजनीतिक माहौल गरमा गया है. जगह-जगह सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। विपक्ष ने राज्य सरकार पर सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं मुहैया कराने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया है और स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की है. मुलुंड में गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से रेलवे स्टेशन इलाके में विरोध प्रदर्शन किया गया।

महाराष्ट्र के विभिन्न ग्रामीण और शहरी इलाकों के सरकारी अस्पतालों में मरीजों की मौत को लेकर विपक्षी दल सड़कों पर उतर रहे हैं। नांदेड़ हो या ठाणे या नागपुर, सरकारी अस्पतालों में कई मरीजों की मौत हो गई है। शासन मरीजों को दवा उपलब्ध कराने से लेकर मेडिकल स्टाफ उपलब्ध कराने तक हर चीज में विफल रहा है। इसके लिए पूरी तरह से सरकार जिम्मेदार है ऐसा आरोप करते हुए विपक्ष ने मांग की है कि स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत को इस्तीफा देना चाहिए। मुलुंड में गुरुवार शाम को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के तालुका अध्यक्ष अमित पाटिल के मार्गदर्शन में रेलवे स्टेशन क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही मुलुंड से एनसीपी कार्यकर्ता गुरुजोत सिंह किर ने जैसे ही ट्रेन रोकने का ऐलान किया, उन्हें मुलुंड स्थित उनके घर से हिरासत में ले लिया गया। दोपहर तक पुलिस प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर रही थी।

सरकार सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने में विफल साबित हो रही है। इसलिए निर्दोष लोगों की मृत्यु हो रही है इसलिए एनसीपी कार्यकर्ताओं की मांग है कि सरकार ने जिम्मेदारी स्वीकार कर इस सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए। इस मौके पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस पृष्ठभूमि में, मुलुंड रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

# सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में हुई कटौती

## नागरिकों को मिली राहत

**■ होम टाइम्स टीम**

केंद्र द्वारा घरेलू स्तर पर उत्पादित नेचुरल गैस की कीमतों को संशोधित करने के बाद सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में एक बार फिर कटौती कर दी गई है। साल में लगातार तीसरी बार हुई कटौती के चलते नागरिकों को अब इससे काफी लाभ हुआ है।



मुंबई में सीएनजी और डोमेस्टिक पीएनजी की कीमतों में कटौती करने का फैसला प्रशासन की तरफ से लिया गया है। जहां सीएनजी की कीमतों में ३ रुपये प्रति किलो और डोमेस्टिक झछ्रऋ की कीमतों को २ रुपये कम किया गया है। इस बदलाव के बाद उछ्रऋ की नई कीमत ७६ प्रति किलो और डोमेस्टिक पीएनजी की कीमतें ४७ रुपये हो गई है। यह कदम केंद्र द्वारा घरेलू स्तर पर उत्पादित नेचुरल गैस की कीमतों को संशोधित करने के बाद उठाया गया है। आप को बता दें कि इस साल ७ अप्रैल को सीएनजी की कीमत ८ रुपये प्रति किलोग्राम और डोमेस्टिक पीएनजी की कीमत में ५ रुपये की कटौती की गई थी। इतना ही नहीं फरवरी महीने में भी सीएनजी की कीमत में २.५ रुपये की कटौती की गई थी। यह नए दर एक अक्टूबर से लागू किए गए है। एक वर्ष में लगातार तीसरी बार कटौती किए जाने के चलते नागरिकों को एक बड़ी राहत मिली है।

# मुलुंड में आयोजित किए गए वरिष्ठ रंगकर्मी पुरस्कार

## कार्यक्रम में मंत्री उदय सामंत ने दर्ज कराई उपस्थिति ● इस दौरान विरोधकों पर लगाए गए कई आरोप

■ **होम टाइम्स टीम**

रविवार को मुलुंड पश्चिम में वरिष्ठ रंगकर्मी पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां मंत्री उदय सामंत ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस दौरान मंत्री सामंत के हाथों कलाकारों को सम्मानित भी किया गया और विदेश दौरे पर विरोधकों की ओर से किए जा रहे टिप्पणी का जवाब भी दिया गया।

मुलुंड पश्चिम महाराष्ट्र सेवा संघ में रविवार को वरिष्ठ रंगकर्मी पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। बीते ९ वर्षों से लगातार इस पृष्ठभूमि पर यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ज्येष्ठ संगीतकार शरद पोंक्षे के साथ ही अन्य कलाकारों को मंत्री उदय सामंत के हस्ते सम्मानित किया गया। जहां भारी संख्या में नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस दौरान विरोधकों की ओर से किये जा रहे विदेश दौरे पर टिप्पणी का जवाब मंत्री उदय सामंत की ओर से दिया गया




और चार सवाल विरोधियों के लिए भी उपस्थित किए गए। इतना ही नहीं राज ठाकरे की ओर से त्योहार के सीजन के चलते लाउडस्पीकर की आवाज पर किए गए ट्वीट पर भी जवाब देते हुए जल्द से जल्द इस पर कोई ठोस कदम उठाकर इस पर अमल किए जाने की बात मंत्री की ओर से कही गई।

# मुलुंड में भाषाई विवाद पर उप रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा परिपत्र जारी किया गया

## सांसद कोटक एवं विधायक कोटेचा ने मामले को लिया गंभीरता से

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड में व्यवसाय के लिए दुकान देने के विवाद की वजह से उपजे भाषाई विवाद को लेकर राज्य भर में राजनीतिक माहौल गरमा गया था। इसकी हर स्तर से आलोचना हुई। सांसद मनोज कोटक और विधायक मिहिर कोटेचा ने भी इस घटना को गंभीरता से लिया और डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय को पत्र भेजकर यह सुनिश्चित करने की मांग की कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो और गंभीरता से संज्ञान लेने की मांग की। इस पर उप रजिस्ट्रार कार्यालय ने सभी सोसायटियों को सर्कुलर जारी कर इस संबंध में सावधानी बरतने के आदेश दिए हैं।

कुछ दिन पहल मुलुंड की शिव सदन सोसायटी में एक मराठी महिला को कार्यालय नहीं देने के मामले के बाद काफी तनाव हो गया था। इस संबंध में महिला ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राजनेताओं से मराठी मुद्दे पर मदद मांगी थी। इस भाषाई विवाद को लेकर आम नागरिकों में भी असंतोष देखा गया था। उद्योग मंत्री उदय सामंत, बीजेपी नेता चित्रा वाघ, प्रसाद लाड और स्थानीय सांसद मनोज कोटक और विधायक मिहिर कोटेचा ने इस महिला से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ है। इसके बाद अब सांसद मनोज कोटक और विधायक मिहिर कोटचा ने ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय को पत्र लिखा। डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से सोसायटियों को ऐसे कंटेंट के सर्कुलर जारी करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद मंगलवार को डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय ने बड़ी कार्रवाई की और डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय की तरफ से पत्र जारी किया गया ।

इस पत्र में कहा गया है कि किसी भी नागरिक को जाति, धर्म, नस्ल, लिंग और भाषा के आधार पर फ्लैट देने से इनकार नहीं किया जा सकता है, अगर कोई ऐसा कृत्य करता है तो इसके लिए सोसायटी के पदाधिकारी जिम्मेदार होंगे। ऐसी घटना के बाद पदाधिकारियों को कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इस आशय का पत्र उप रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से सभी हाउसिंग सोसायटी को भेज दिया गया है। इसलिए भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं होंगी, ऐसा विश्वास जन प्रतिनिधियों ने व्यक्त किया है।

# मुलुंड की सब्जी मंडी में जेबकतरों से सावधान

## महिला के बैग से ७० हजार की सोने की चेन चोरी

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड के आर आर टी रोड पर जेबकतरों की संख्या बढ़ गई है। ये जेबकतरे इस इलाके में सब्जी खरीदने आने वाले नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। कुछ दिन पहले एक महिला का बैग काटकर पर्स से ७० हजार रुपये कीमत की सोने की चेन निकालने की घटना हुई है।

३ अक्टूबर को मुलुंड में रहने वाली पिंकी जोशी नाम की महिला अपनी तीन सोने की चेन ठीक कराने के लिए बाजार गई थी। उसने दो चेन ज्वैलर्स की दुकान पर मरम्मत के लिए छोड़ दीं और तीसरी चेन अपने बैग में रख ली क्योंकि उसकी मरम्मत नहीं हो पा रही थी । इसके बाद वह सब्जी खरीदने के लिए आर आर टी रोड पर चली गयी।

खरीदारी के दौरान उनके बेटे ने बताया कि बैग नीचे से कटा हुआ है। इसके बाद जब उसने बैग खोला तो देखा कि बैग नीचे से कटा हुआ था। जब उन्होंने बैग खोलकर देखा तो बैग के अंदर चैन वाला वॉलेट नहीं दिखा। उसने बैग के दूसरे खंड में उसे ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वह वॉलेट नहीं मिला। उसके बाद उन्होंने सड़क पर इधर-उधर देखने की कोशिश की तो उन्हें वहां भी चैन नहीं दिखी। बाद में जब उन्होंने बैग चेक किया तो पता चला कि किसी ने नीचे का हिस्सा ब्लेड से काट दिया है। पता चला कि किसी ने उनका पर्स चुराने के इरादे से बैग काट दिया है। दो दिन बाद पिंकी अपने पति के साथ मुलुंड पुलिस स्टेशन आई और विधिवत चोरी की शिकायत दर्ज कराई।

# मुलुंड से दो नाबालिग लापता, पुलिस की तलाश जारी

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड इलाके के दो नाबालिग बच्चों के अचानक घर से चले जाने से मुलुंड में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया है। घर से चले जाने के बाद वास्तव में इन दो बच्चों के साथ क्या हुआ? क्या उन्होंने अपनी मर्जी से घर छोड़ा था? क्या किसी ने इन दोनों का अपहरण कर लिया? ऐसी चर्चा परिसर में सुनने को मिल रही है। जिसके बाद मुलुंड पुलिस भी इन बच्चों की तलाश कर रही है।

मुलुंड में रहने वाले दो नाबालिग, १६ वर्षीय मंथन और १४ वर्षीय सोहम, कैसियो लाने के लिए एक दुकान पर जाने का बताकर घर से बाहर गए थे लेकिन बाद में वे लापता हो गए हैं। दोनों ने घर में कहा था कि हम रेलवे स्टेशन इलाके की दुकान से सामान खरीद रहे है। फिर ३ अक्टूबर को दोनों बच्चे दोपहर में घर से निकले और शाम ५:०० बजे तक घर नहीं पहुंचे। तो उसके परिवार ने उसके दोस्त के घर फोन किया। उस वक्त उन्हें बताया गया कि दोनों कैसियो खरीदने सीएसटी गए थे। इसके बाद दोनों बच्चों ने परिवार से कोई संपर्क नहीं किया था । उनके पास मोबाइल फोन भी नहीं था। तो वास्तव में वे कहाँ हैं? इसकी जानकारी उसके परिवार वालों को नहीं थी। रात आठ बजे के बाद भी वे घर नहीं पहुंचे थे। क्या वे फिर पुणे में पड़ोसियों या रिश्तेदारों के पास गए हैं? इसकी जानकारी उनके परिवार ने परिवार वालों से ली। लेकिन दोनों के घर पर कोई जानकारी नहीं मिली। अंत में, १०:३० बजे के बाद, उनके परिवार मुलुंड पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई कि दोनों का किसी ने अपहरण कर लिया है क्योंकि वे घर नहीं लौटे थे। मुलुंड पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इन दोनों बच्चों की तस्वीरें लीं और अपहरण का मामला दर्ज कर लिया झाई। फिलहाल पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

# क्रिप्टोकरंसी में निवेश करने के बहाने मुलुंड निवासी से की गई ९ लाख रुपए की ठगी, मामला दर्ज

■ होम टाइम्स टीम

क्रिप्टोकरंसी के बहाने मुलुंड पूर्व में रहने वाले नागरिक से ९ लाख से अधिक रुपए की ठगी करने का मामला मुलुंड में उजागर हुआ है। जिसके बाद नवघर पुलिस की ओर से आरोपी पर मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की अधिक जांच जारी है।

नवघर पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार ४३ वर्षीय अशफाक खान नाहुर का निवासी है। ५ वर्ष पहले शिकायतकर्ता की पहचान इंद्रभूषण चौधरी से हुई थी, जो की बोरीवली पूर्व का निवासी है। इंद्रभूषण कई बार शिकायतकर्ता से क्रिप्टोकरेंसी और फॉरेक्स ट्रेडिंग के बारे में बात करता था। १० जून को इंद्रभूषण ने शिकायतकर्ता को बताया कि क्रिप्टोकरंसी में एक लाख रुपए के बदले आठ दिन के भीतर १ लाख २५ हजार रुपए कमाने का अच्छा मौका है। जिसके बाद शिकायतकर्ता भी इंद्रभूषण की बातों में आ गया और बिना सोचे समझे अपने दोस्तों से पैसे लेकर शिकायतकर्ता ने एक लाख के बजाय दो लाख रुपये निवेश कर दिए । पहले निवेश के बाद आए दिन इंद्रभूषण शिकायतकर्ता को नए-नए ऑफर और नए-नए लालच देने लगा। इसी के चलते अलग अलग किस्तों में शिकायतकर्ता ने इंद्रभूषण को ९ लाख रूपये इन्वेस्टमेंट के तौर पर दे दिए थे। लेकिन कई दिनों बाद जब शिकायतकर्ता को उसके पैसे वापस नहीं मिले तब उसे एहसास हुआ कि उसे ठगा जा रहा है। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने सीधे नवघर पुलिस स्टेशन का रुख अपनाया और घटना की जानकारी दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि अब तक इंद्रभूषण चौधरी के कहने पर उसने ९ लाख रुपए इन्वेस्ट करने के लिए दिए थे । जिसके बाद नवघर पुलिस की ओर से इंद्रभूषण चौधरी पर आईपीसी की धारा ४२० के तहत मामला दर्ज कर लिया गया और मामले की अधिक जांच की जा रही है।

# नवघर पुलिस ने दो घंटे के भीतर २५ तोला सोने के आभूषण ढूंढ निकाले

## महिला अपनी बेटी की शादी के गहने भूल गई थी रिक्शे में

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड नवघर पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मी अपनी तत्परता के वजह से दो घंटे के भीतर रिक्शा में खोए २५ तोला सोने के गहने शिकायतकर्ता को वापस करने में सफल रहे हैं। पुलिस के इस उत्कृष्ट कार्य की वजह से नवघर पुलिस की हर तरफ तारीफ हो रही है।

बताया गया है कि रविवार को, ठाणे पुलिस उप-निरीक्षक संदीप पाटिल ड्यूटी पर थे, जब वसंती माधवन नादार नाम की एक महिला पुलिस स्टेशन आई और पुलिस को बताया कि वह रविवार को गव्हाणपाडा सिग्नल से मुलुंड स्टेशन तक रिक्शा से गई थी। उस दौरान यात्रा करते समय उनका बैग रिक्शे में रह गया था जिसमें बेटी की शादी के लिए खरीदे गए सोने के घने और जरूरी कागजात थे। लेकिन रिक्शे से उतरते समय वह बैग भूल गई, जिसमें २५ तोले के आभूषण और अन्य जरूरी दस्तावेज थे। मुलुंड रेलवे स्टेशन के पास उतरने के बाद उन्हें इस बात का एहसास हुआ तो वह तुरंत नवघर पुलिस स्टेशन पहुंची और पुलिस को बताया कि वह लड़की की शादी के लिए बनवाए गए २५ तोला सोने के गहने रिक्शे में भूल गई है। इस मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, संदीप पाटिल ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों और अपराध का पता लगाने वाली टीम के प्रमुख सहायक पुलिस निरीक्षक धाडवे, पुलिस उप-निरीक्षक सानप, टीम के साथ-साथ पुलिस उप-निरीक्षक नाळे, पुलिस उप-निरीक्षक राजपूत को मामले की जानकारी दी। उक्त टीम ने मुलुंड पूर्व क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की। संबंधित रिक्शा नंबर प्राप्त करने के बाद, रिक्शा चालक का पता लगाया और महिला के २५ तोले वजन के गुम हुए सोने के आभूषण वापस कर दिए।



नवघर पुलिस ने दो घंटे तक रिक्शा चालक की तलाश की और तकनीकी जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसे ढूंढने में कामयाब रही। पुलिस के इस प्रदर्शन के लिए पूरी जांच टीम की सराहना हो रही है।




जसराज एंटिक®

सरोज गड़ा (मुलुंड-पूर्व) (राईधनजर-गढ़शीशी)



स्पेशल फेस्टिवल ऑफर

10% से 40% तक की छूट

१ ग्राम सोने के आभूषणों में नए डिजाइनों का खजाना उपलब्ध है।

बेहतरीन और आकर्षक डिजाइन जो असली जेवरात को भी फीका कर दे
+कुंदन + नेकलेस सेट, पेंडेंट बूटी लॉन्ग सेट, चंदनहार, जवहार, जवपतला गोल्ड,
रहोडियम ब्रेसलेट, चेन और कई अन्य प्रकार के शानदार और आकर्षक जेवरात

पुराने और नवीन सभी ग्राहकों का स्वागत

नागरिकों का भरोसा मतलब जसराज एंटीक का स्पेशल ऑफर

फेस्टिवल ऑफर पर १० से ४० फ़ीसदी तक की छूट

Note: Before coming pl buzz on Cell.

CONTACT : GIRISH GADA - 9821376756 SAROJ GADA - 9821854370

Helpline

सिटीजन रिपोर्टर
78956 78956

होम केबल
022 - 6614 6060

होम नेट
022 - 6621 1333
customerservice@homenet.net

होम टाइम्स
022 - 6614 6050
write2us@hometimes.in

विज्ञापन दें
होम टाइम्स
और
होम केबल
78957 78957
homecableads@gmail.com

उक्त जानकारी के लिए कृपया संबंधित नंबरों पर कॉल करें

## विज्ञापनदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना

साप्ताहिक होम टाइम्स में विज्ञापनदाताओं द्वारा विविध प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित किये जा रहे हैं। इस विज्ञापन में जो भी टेक्स्ट छापा जाता है। उसकी पूरी जिम्मेदारी विज्ञापनदाता की है। इस बारे में पाठक खुद जांच परख ले। विज्ञापन के बारे में कानून या अन्य मामले में साप्ताहिक होम टाइम्स के व्यवस्थापन मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस परध्यान दिया जाये।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक






## 'सुजोक'

डॉ. मोनिशा रावत

# प्रुरिटस (शुष्क त्वचा में खुजली)-मेनोपॉज के दौरान....

### इलाज बिना दवा के- ३

**जैसे-जैसे हार्मोन का स्तर गिरता है, त्वचा शुष्क, ढीली, पतली हो जाती है और चेहरे पर अधिक बाल और खोपड़ी पर कम बाल दिखाई देते है।**



यह एक सूखी खुजली वाली त्वचा की स्थिति है, जो कई महिलाओं को उनके मेनोपॉज चरण में प्रभावित करती है। अच्छी खबर यह है कि इस खूबसूरत त्वचा की देखभाल के लिए कई प्राकृतिक विकल्प मौजूद है।

**खुजली वाली त्वचा और मेनोपॉज–हार्मोन का कनेक्शन**

महिलाओं के प्रजनन हार्मोन, एस्ट्रोजन शरीर में कोलेजन, शरीर में तेल के उत्पादन को ट्रिगर करने के लिए जिम्मेदार है, जो त्वचा को नम और कोमल बनाये रखता है। प्री–मेनोपॉज और मेनोपॉज चरण के दौरान एस्ट्रोजन के स्तर में कमी आती है जिसके परिणामस्वरूप शरीर में कोलेजन और तेल की कमी हो जाती है, जिससे त्वचा में शुष्कता और खुजली होने लगती है।

**इलाज का तरीका**

हमारे 'मोनिशाज मंत्रा' में हमने कई महिलाओं को उनके मेनोपॉज के दौरान उनकी सूखी, खुजली वाली त्वचा की स्थिति से उबरने में निम्नलिखित तरीके से मदद की है, वह भी बिना दवाई और बिना किसी साइड इफेक्ट के।



१. विटामिन 'सी' और ओमेगा–३ फैटी एसिड से भरपूर हेल्दी आहार लेना, साथ ही २–३ बार फल, सलाद, हरी सब्जियां, अंकुरित अनाज, अलसी के बीज, बाजरा नट्स का सेवन करना। प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ और रिफाइंड शुगर से बचना।

२. कैफीन और अल्कोहल का सेवन कम करना क्योंकि यह त्वचा को डि–हाइड्रेट करते हैं।

३. गर्म पानी से नहाने से बचें, क्योंकि इससे शरीर में प्राकृतिक तेल खत्म हो जाता है।

४. भरपूर नींद लेना और आराम करना।

५. प्रतिदिन १२–१४ गिलास पानी पीना।

६. रोजाना तेज वॉकिंग, योग, प्राणायाम, स्माईल मेडिटेशन का अभ्यास करने में हार्मोन रेग्युलेट करने और हेल्दी रहने में मदद मिलती है।

**इंटरनेशनल सुजोक असोसिएशन (ISA) सर्टिफाइड़ वर्कशाप शेड्युल**

१. ऑनलाइन–सुजोक Six Ki-1(लेवल –III) 11th to 23/10/2023
२. रेसिडेंशियल, मेरिडियेन सुजोक Ki (लेवल –II) 27th to 29/10/2023
LIMITED SEATS. REGISTRATION ON FIRST CUM FIRST BASIS CALL ON-8422948592/8655139777.

## सुजोक थैरापी




अ) मैग्रेट थेरेपी – रोजाना २ घंटे के लिए हाथ की इंडेक्स और छोटी उंगली के बाहरी हिस्से पर बार मैग्रेट को चिपकाने वाले टेप पर लगाकर चिपकाना (चित्र १ में दर्शाये अनुसार)




ब) एक्यूप्रेशर–हाथ की हथेली पर ओव्हरीज (अंडाशय) और यूटरस (गर्भाशय) से संबंधित पॉइंट के अंगूठे या उंगलियों से प्रतिदिन चार बार, एक मिनट के लिए मालिश करें (चित्र २ में दर्शाये अनुसार)

**डॉ. मोनिशा रावत- संस्थापक 'मोनिशाज मंत्रा' मुंबई एवं ग्लोबल वी-केयर फाउंडेशन,** M.Sc., MD (Alternative Medicines), **लाइफ कोच, मास्टर इन सुजोक थैरापी, कन्सल्टिंग न्यूट्रीशनिस्ट, होलेस्टीक काउन्सलर, कारपोरेट ट्रेनर, सुजोक डायबिटीज स्पेशलिस्ट, इंटरनेशनल लेक्चरर फार 'सुजोक एन्ड स्माईल ताई-जी'. ISA ऑथराईज्ड लेक्चरर फार लेवल -** I, II, III & IV
Award Winner as a BEST PERFORMING TEACHER by International Sujok Association (ISA) – SIC 2019
NATIONAL EXCELLENCE HEALTH AWARD – 2019 During COVID-19
Award winner of Inernational Women Excellence Empowerment Award (WEE) – 2020 as a RISING STAR
Award winner of India Best Therapist Award for the Year 2021 by MKSS
Award Winner of ET CHANGE MAKER-2022 for Health & Wellness powered by Economic Times-Ascent & Navbharat Times
An ISO Certified Centre at Mumbai
Mulund- +91 8655139777/ 9029960086, Goregaon - +91 8433947592/9820343592



सुनिता देसाई

# राशिफल

Saturday, 7th Oct to 13th Oct 2023


२००३ से टैरोट रीडिंग कर रही हैं। इसके अलावा वे ग्रॉंड मास्टर इन रेकी, चार लेवल इन चक्रा मेडिटेशन, मास्टर इन मर्मा, जि.पी इन शियात्सु, क्रिस्टल और पिरामिड एक्सपर्ट, मास्टर ऍक्युप्रशरिस्ट,अरोमा थेरॉपिस्ट, प्राणिक हीलर, औरा रीडर और वर्च्यू प्रैक्टिश्नर हैं। व्यक्तिगत सलाह के लिए मिलें.
+91 93234 30355 desaisunita02@gmail.com





**मेष** (अ, ल, इ)
**भविष्यवाणी:** आपको आपके सभी प्रियजन और करीबी लोग स्वीकार करेंगे। कोई आपकी अच्छी मदद करेगा।
**सलाह:** १) सभी ज्ञात और अज्ञात लोगों से मित्रतापूर्ण व्यवहार करने का प्रयास करें। २) विनम्र रहें और बुजुर्ग लोगों की मदद करें। ३) अपनी याददाश्त पर ध्यान दें।




**कर्क** (ड, च, ह)
**भविष्यवाणी:** आपको किसी कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। आप बेकार की चीजों पर पैसा खर्च करेंगे। **सलाह:** १) आशावादी और सामाजिक तथा निःस्वार्थ बनें। २) पक्षियों और जानवरों को खाना खिलाएं। ३) अंतर्दृष्टि पर ध्यान दें।





**तुला** (र, त)
**भविष्यवाणी:** किसी बहुत छोटे अनुभव से आप नकारात्मक होंगे। आपकी छठी इंद्रिय आपकी सहायता करेगी।
**सलाह:** १) छोटी–छोटी बातों पर ज्यादा न सोचें। २) दूसरों की जिम्मेदारी न लें। ३) भय और अस्तित्व पर ध्यान दें।




**मकर** (ख, ज)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आपको अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।
**सलाह:** १) जरूरतमंदों को कुछ नकद दान करें। २) नील रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने प्यार और देखभाल पर ध्यान दें।





**वृषभ** (ब, व, य)
**भविष्यवाणी:** जिन लोगों पर आप भरोसा करते हैं, उनसे आपको सहयोग नहीं मिलेगा। योजना बनाने से परिस्थिति अधिक सशक्त रहेगी। **सलाह:** १) त्वरित निर्णय लें और त्वरित कार्रवाई करें। २) समय और परिस्थिति जैसी है वैसे ही चलने का प्रयास करें। ३) नए रिश्तों पर ध्यान दें।




**सिंह** (म, ट)
**भविष्यवाणी:** किसी अनजान व्यक्ति से मदद मिलेगी। कोई शुभ समाचार मिलेगा। **सलाह:** १) आपको अधिक सक्रिय रहने की आवश्यकता है। २) सावधान रहें और अपने लक्ष्य पर ठीक से ध्यान केंद्रित करें। ३) अपनी ब्रह्मांडीय ऊर्जा पर ध्यान दें।





**वृश्चिक** (न, य)
**भविष्यवाणी:** आप किसी उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। आपकी मुलाकात कुछ हाई–प्रोफाइल हस्तियों से होगी।
**सलाह :** १) अपने कौशल और क्षमताओं का उपयोग करें। २) अपने सामाजिक स्वभाव का सदुपयोग करना चाहिए। ३) अपनी ताकत पर ध्यान दें।





**कुंभ** (ग, स, श)
**भविष्यवाणी:** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा है और आपको कई समस्याओं का समाधान मिलेगा।
**सलाह:** १) सड़क पार करते समय और बात करते समय सावधानी बरतें। २) हरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने काम पर ध्यान दें।





**मिथुन** (क, च, ज)
**भविष्यवाणी:** आप अपनी मौलिकता और लचीलेपन से प्रसन्न रहेंगे। कोई आपको धोखा देने की कोशिश करेगा।
**सलाह:** १) आपका अनुभव आपके शिक्षक याद रखेंगे। २) आपकी भावनाएँ और शक्ति स्थिर रहेगी। ३) अपने निवेश पर ध्यान दें।




**कन्या** (प, ठ, ण)
**भविष्यवाणी:** आपका शुभचिंतक कोई सलाह देगा और आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे **सलाह:** १) अपनी निराशाओं पर काबू पाने के लिए आपको विनम्र होने की जरूरत है। २) स्वार्थी और जल्दबाजी न करें। रुको और देखो। ३) अपने आनंद पर ध्यान दें।




**धनु** (भ, ड, फ, ठ)
**भविष्यवाणी:** आपका लालच आपके सुख और सद्भाव के रास्ते में बाधा बनेगा।
**सलाह:** १) पक्षियों और जानवरों को खाना खिलाएं। २) भूरे रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपनी दयालुता पर ध्यान दें।




**मीन** (द, च, झ)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह धन में उतार–चढ़ाव रहेगा तथा कुछ अनचाही चीज़ें भी रहेंगी।
**सलाह:** १) जल्दबाजी बेकार है इसलिए धीरे चलें। २) पीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने विश्वास पर ध्यान दें।

# मुलुंड से जब्त किया गया ६० किलो गांजा, ४ आरोपी गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच यूनिट ७ की बड़ी कार्रवाई

■ होम टाइम्स टीम

क्राइम ब्रांच यूनिट ७ की ओर से बड़ी कार्रवाई करते हुए मुलुंड से ६० किलो गांजा जब्त कर लिया गया है। यह नशीले पदार्थ बुलढाणा इलाके से मुंबई में बेचने के लिए लाए गए थे। इस मामले में चार आरोपी समेत गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है और मामले की अधिक जांच जारी है।

मिल रही जानकारी के अनुसार मुंबई के क्राइम ब्रांच यूनिट ७ को गुप्त जानकारी मिली थी कि मुलुंड में बड़े पैमाने पर गांजा मुंबई के अन्य इलाकों में बेचने के लिए ले जाया जाने वाला है। जिसके बाद पुलिस अलर्ट हो गई और मुलुंड पश्चिम बाल राजेश्वर मार्ग पर पैनी नजर रखी गई। कुछ ही समय में इसी परिसर में स्थित लोक सेवा शौचालय के पास खड़ी इनोवा गाड़ी पर पुलिस को शक हुआ। जब पुलिस ने गाड़ी के पास जाकर उसमें बैठे लोगों से पूछताछ की तब पुलिस को संतोषजनक जवाब नहीं मिला और गाड़ी की तलाशी लेने के बाद गाड़ी से ६० किलो गांजा मिला जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जिसकीत कुल कीमत २४ लाख रुपए बताई जा रही है। इस मामले में क्राइम ब्रांच पुलिस की ओर से भांडुप निवासी मोहसिन शेख, मोहम्मद खान और मुलुंड निवासी रोहित भालेराव और राकेश गायकवाड को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि महाराष्ट्र के बुलढाणा इलाके से यह नशीला पदार्थ मुंबई में बेचने के लिए लाया गया था। फिलहाल क्राइम ब्रांच की ओर से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और २४ लाख के नशीले पदार्थ के साथ-साथ ६ लाख रुपए की इनोवा गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है और मामले की अधिक जांच जारी है।



# सवारी बनकर रिक्शा चालक और अन्य नागरिकों को लूटने वाले गिरोह का पुलिस ने किया भांडाफोड

## नवघर और मुलुंड पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन के बाद आरोपी को कल्याण से किया गया गिरफ्तार

■ होम टाइम्स टीम

कोल्ड ड्रिंक में नशीले पदार्थ मिलाकर रिक्शा चालकों और अन्य नागरिकों को लूटने वाले गिरोह का मुलुंड और नवघर पुलिस ने मिलकर भंडाफोड़ किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि अन्य दो आरोपी की तलाश अभी भी शुरू है।



मिल रही जानकारी के अनुसार ४२ वर्षीय आरोपी शरद को कल्याण से गिरफ्तार कर लिया गया है। दरअसल नवघर पुलिस स्टेशन में जून महीने में एक मामला दर्ज किया गया था। जहां पर एक अज्ञात व्यक्ति ने रिक्शा चालक नारायण लिंगे को एरोली से मुलुंड के म्हाडा सिग्नल तक जाने का आग्रह किया और रिक्शा चालक लिंगे जाने को भी तैयार हो गया। जैसे ही नारायण बीच हाईवे पर पहुंचा, सवारी ने रिक्शा रुकवाई और कुछ दूर तक जाने के बाद सवारी ने रिक्शा चालक के लिए पानी और कोल्ड ड्रिंक ले आया। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद रिक्शा चालक को नींद लग गई। इसी बीच शरद और उसके अन्य साथी ने रिक्शा चालक के सोने की अंगूठी और ४ हजार रुपए चुरा लिये और घटनास्थल से फरार हो गए। इस तरीके का एक और मामला मुलुंड पश्चिम में भी उजागर हुआ था। जिसके बाद नवघर पुलिस और मुलुंड पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर कल्याण से ४२ वर्षीय शरद को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में शरद के अन्य दो साथी जो कि गुजरात में छुपे हैं उनकी भी तलाश पुलिस की तरफ से की जा रही है।

CALL CENTER
**022 66211333**

E-MAIL ID
**customerservice@homenet.net**

FACEBOOK MESSENGER
**HomeNet / @homenet.net**

**Facebook Messenger Scan Code**: To get in touch, simply scan a code using the Messenger app.

Home Net

# HOME NET
www.homenet.net

WOW!
Pay For 6 Months & Get Additional 7 Months Free

**DOUBLE MAZZA!!**
uploads & downloads
at same speed, since 2010
now @ ₹194/-*

67 PE OFFER

## TRULY UNLIMITED SPEED PLANS

| PLAN NAME | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|
| 20 Mbps Unlimited | 500/- | NOW 231/-* | 3000/- |
| 30 Mbps Unlimited | 600/- | NOW 276/-* | 3600/- |
| 40 Mbps Unlimited | 720/- | NOW 332/-* | 4320/- |
| 50 Mbps Unlimited | 850/- | NOW 392/-* | 5100/- |
| 60 Mbps Unlimited | 985/- | NOW 455/-* | 5910/- |

## UNLIMITED POWER PLANS

| PLAN NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 Mbps till Allotted Data | 250 | 20 Mbps | 600/- | NOW 277/-* | 3600/- |
| 60 Mbps till Allotted Data | 500 | 30 Mbps | 750/- | NOW 346/-* | 4500/- |

UPLOAD OR DOWNLOAD @SAME SPEED

99% UPTIME

- Affordable Rates
- Super speed Upto 100 mbps
- Customer support Android / IOS app
- Online Payments
- Customer care 9 am - 12 midnight

67 PE OFFER

## NEWLY LAUNCHED - FIBER TO THE HOME TECHNOLOGY

HOME FIBER
powered by HomeNet

UNLOCK YOUR SUPERPOWER

## INTRODUCTORY HOME FIBER PACKS

UPGRADE YOUR EXISTING HOME NET TO
NEW FIBERNET EXPERIENCE WITH
ZERO INSTALLATION COST**

For New Customers installation charges of Rs.500/-* applicable

### HOME FIBER TRULY UNLIMITED SPEED PACKS

| PACK NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | EFFECTIVE MONTHLY RATE | 360 DAYS |
|---|---|---|---|---|
| 35 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 337/-* | 4040/- |
| 50 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 421/-* | 5050/- |
| 75 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 505/-* | 6060/- |
| 100 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 589/-* | 7070/- |

Many more Speed Pack options available up to 500 Mbps

** offer available only at the FTTH G / EPON Ready Building

TO AVAIL THIS
**INTRODUCTORY OFFER**
**IN YOUR SOCIETY**
PLEASE COME TO US WITH
A MINIMUM GROUP OF
**15 CONNECTIONS**

- SYMMETRIC SPEED
- SUPER SPEED PACK UP TO 500MBPS
- EASY LOCAL APPROACH FOR ISSUE RESOLUTION
- FASTER VISITS FOR TECHNICAL SOLUTIONS
- NO VISIT CHARGES FOR ISSUES & COMPLAINTS

Customer Portal **login.homenet.net**
Customer Service Mobile App **Log2Space - HomeNet**
Download on the App Store | GET IT ON Google Play

FOR NEW CONNECTIONS OR QUERIES CALL
**Call - 75067 96562, 88790 00724, 88790 00720, 88794 47839**

**MULUND** - A / 16, Gaurav Annex, R.R.T Road, Mulund (W), Mumbai - 400 080. Tel.: 022 662 11 333

MALAD • COLABA • VASHI • NERUL • THANE • AIROLI • ASANGAON • VASIND

*conditions apply

Printer, Publisher& Owner : **Hemanshu Girish Kothari**& Printed at Dangat Media Pvt. Ltd, Plot No.22, Digha MIDC, Vishnu Nagar, TTC Industrial Area, Digha, Navi Mumbai. Published at G/4, Landmark Appartment, Devidayal Cross Road, Mulund (W), Mumbai - 80.**Home Times** (Office): - 6th Floor, Flora Point, S.N. Road, Near Mulund Court, Mulund (W), Mumbai-80. **Editor : Hemanshu Girish Kothari** ● **RNI No. MAHHIN/2016/75969**